Fast फारवर्ड

पहरेदार हूं, आपके अधिकार नहीं छीनने दूंगी : ममता

पठार प्रतिमा (पश्चिम बंगाल). ए. संशोधित नागरिकता कानून और राष्ट्रीय नागरिकता पंजी के खिलाफ प्रदर्शन को जब तक जरूरी हो तब तब जारी रखने की बात कहते हुए पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि वह राज्य के लोगों की रक्षा के लिए सबकुछ करेंगी. उन्होंने सुंदरबन के जंगलों के पश्चिमी किनारे पर एक जन सभा में कहा, 'हम किसी की दया पर नहीं जीते... मैं किसी को हमारे अधिकार को छीनने नहीं दूंगी.' उन्होंने कहा, 'मैं आपकी पहरेदार हूं, अगर कोई आपके अधिकार छीनने आएगा, तो उसे मेरी लाश से गुजरना होगा.'

जावड़ेकर जय श्रीराम के कथित नारों पर नाराज

नई दिल्ली. ए. सूचना प्रसारण मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने मंगलवार को न्यूयार्क टाइम्स की उस रिपोर्ट की आलोचना की जिसमें यह दावा किया गया था कि जेएनयू में हमलावरों ने 'जय श्रीराम' के नारे लगाये. समाचारपत्र पर चुटकी लेते हुए जावड़ेकर ने कहा कि ऐसा लगता है कि न्यूयार्क टाइम्स में भगवान राम के अनन्य भक्त है और वे उन्हें सभी जगह मिल जाते हैं. उन्होंने यह भी कहा कि वे पाकिस्तान के ऐतिहासिक सिख धर्मस्थल पर पिछले सप्ताह हुई हिंसा की भी रिपोर्ट पढ़ने का इंतजार कर रहे थे.

बच्चों की मौत पर मुख्यमंत्री का रवैया निराशाजनक : सिंघवी

जयपुर. ए. छबड़ा से भाजपा विधायक प्रताप सिंह सिंघवी ने राज्य में बच्चों की मौत को लेकर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर हमला करते हुए कहा है कि मुख्यमंत्री ढांढस बंधाने के लिए अब तक न तो अस्पतालों में गए और न ही मृतकों के परिजनों से मिले. पूर्व मंत्री सिंघवी ने एक बयान में कहा कि इतनी बड़ी संख्या में बच्चों की मौत होने के बावजूद सरकार जिम्मेदारी उठाने के लिए तैयार नहीं है, जबकि उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट सार्वजनिक रूप से जबावदेही तय करने की बात कह चुके हैं.

कांग्रेस सांसद का डेटा संरक्षण समिति से इस्तीफा

नई दिल्ली. ए. लोकसभा में कांग्रेस सांसद एस ज्योति मणि ने व्यक्तिगत डेटा संरक्षण विधेयक 2019 पर विचार के लिये गठित संसद की संयुक्त समिति से निजी कारणों के चलते इस्तीफा दे दिया है. लोकसभा सचिवालय की ओर से जारी बुलेटिन के अनुसार, 'लोकसभा सदस्य एस ज्योति मणि ने व्यक्तिगत डेटा संरक्षण विधेयक 2019 पर विचार के लिये गठित संसद की संयुक्त समिति से 26 दिसंबर 2019 से इस्तीफा दे दिया है.'

प्रथम पृष्ठ का शेष

कोरबा में निगम ...

इसके साथ ही कांग्रेस बहुमत के आंकड़े के पार जा सकती है. पर कांग्रेस कोई जोखिम लेने के मूड में नहीं है. कोरबा और अंबिकापुर में 10 जनवरी को महापौर और सभापति का चुनाव होने वाला है. खुद पीसीसी अध्यक्ष मोहन मरकाम कोरबा में महापौर चुनाव के दौरान मौजूद रहेंगे. बहुमत से काफी पीछे रही कांग्रेस को महापौर चुनाव से पहले अपर हैंड मिलता नजर आ रहा है. सूत्रों के मुताबिक मंत्री जयसिंह अग्रवाल और पीसीसी के पर्यवेक्षक सुभाष धुप्पड़ के कूटनीतिक दांवपेंच का असर हो सकता है. कोरबा के सियासी घमासान में दोनों नेताओं ने पहले कांग्रेस के पार्षद दल को एकजुट करने में मशक्कतें शुरू की. वहीं उन्हें प्रदेश से बाहर ओडिशा भेज दिया गया. सभी पार्षद 9 जनवरी को देर रात सीधे कोरबा पहुंचेंगे. इधर, बहुमत जुटाने रणनीति तय करते हुए बिसात बिछाई. ऐसे में कांग्रेस जादुई अंक से तो आगे बढ़ गई है.

एक निर्दलीय को साधने जोर - कोरबा में एक निर्दलीय पार्षद ने अभी किसी भी दल का रूख नहीं किया है. रणनीतिकारों का दावा है कि इकलौते पार्षद से भी चर्चा चल रही है. वे भी कांग्रेस के पाले में आ सकते हैं.

एबीवीपी और एनएसयूआई के छात्रों में हिंसा

अब जेएनयू की गर्मी पहुंची अहमदाबाद

विवाद

- **एनएसयूआई कार्यकर्ता को चाकू मारा, स्थिति गंभीर**
- **सिर से टपकता रहा खून, बरसती रही लाठियां**

एजेंसी | अहमदाबाद.
www.navabharat.org

जेएनयू हमले के खिलाफ मंगलवार को यहां आयोजित एक प्रदर्शन के दौरान एबीवीपी और उसके प्रतिद्वंद्वी एनएसयूआई के सदस्यों के बीच झड़प हो गई जिसमें दोनों ओर से कम से कम चार लोग घायल हो गए. कुछ स्थानीय टेलीविजन चैनलों द्वारा एक वीडियो क्लिप प्रसारित किया गया जिसमें कुछ व्यक्ति पुलिसकर्मियों की मौजूदगी में सवानी को कथित तौर पर पीटते दिख रहे हैं. सवानी कांग्रेस नेता हार्दिक पटेल के निकट सहयोगी हैं.

घटना कांग्रेस छात्र इकाई एनएसयूआई की ओर से शहर के पालडी क्षेत्र में आरएसएस से सम्बद्ध एबीवीपी कार्यालय के बाहर आयोजित एक प्रदर्शन के दौरान हुई. एक अधिकारी ने बताया कि पुलिस बाद में मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया. पुलिस उपायुक्त के एन दामोर ने बताया, 'एबीवीपी और एनएसयूआई के दो-दो सदस्य झड़प में घायल हो गए. पुलिस ने स्थिति को नियंत्रण में ले लिया है. हमने दोनों पक्षों से शिकायतें लेनी शुरू कर दी हैं.'

जेएनयू हिंसा के बाद देशभर में प्रदर्शन

बता दें कि पांच जनवरी (रविवार) को जेएनयू में देर शाम छात्रों पर हुई हिंसा के बाद देश की कई यूनिवर्सिटी में विरोध- प्रदर्शन जारी है. सोमवार को जादवपुर यूनिवर्सिटी के छात्रों ने भी प्रदर्शन किया था, इस दौरान पुलिस को लाठीचार्ज भी करना पड़ा था. बंगाल में हुए इस प्रदर्शन में जादवपुर यूनिवर्सिटी में छात्र और पुलिस आमने-सामने आ गए थे.

अहमदाबाद के अस्पताल में भर्ती है घायल

इस समय अहमदाबाद के एक अस्पताल में सवानी का इलाज चल रहा है. एबीवीपी की तरफ से इस घटना पर अभी कोई जवाब नहीं आया है. दरअसल दोनों छात्र गुटों में हिंसा उस वक्त शुरू हुई जब अहमदाबाद में एबीवीपी दफ्तर के बाहर जेएनयू हिंसा को लेकर विरोध प्रदर्शन हो रहा था. तभी वहां पर एनएसयूआई और एबीवीपी के कार्यकर्ताओं में भिड़ंत हो गई. हालात संभालने के लिए पुलिस को भी लाठीचार्ज करना पड़ा.

दोनों संगठनों ने हालांकि दावा किया कि 15 से अधिक लोग घायल हुए हैं. एबीवीपी का दावा है कि उसके चार सदस्य घायल हो गए हैं वहीं एनएसयूआई ने घायलों की संख्या 12 बताई है. हिंसा तब हुई जब जेएनयू में छात्रों पर हुए हमले के विरोध में प्रदर्शन करने के लिए एनएसयूआई के छात्र एबीवीपी के कार्यालय के बाहर पहुंचे. दोनों छात्र इकाइयों ने एक दूसरे पर आरोप लगाया कि उन पर डंडों से हमला किया गया और पथराव किया गया. कांग्रेस की छात्र इकाई के एक सदस्य ने बताया कि गुजरात एनएसयूआई महासचिव निखिल सवानी को सिर में गंभीर चोट आयी है और उन्हें यहां वी एस जनरल अस्पताल में भर्ती कराया गया है.

गृहमंत्री ने किया पीएम मोदी पर पुस्तक का विमोचन



केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर आधारित पुस्तक कर्मयोद्धा ग्रंथ ए कंपाइलेशन ऑन लाइफ एंड पॉलिटिकल कॅरियर ऑफ पीएम मोदी का विमोचन किया.

प्रस्ताव की मांग को लेकर द्रमुक नीत विपक्ष का वॉकआउट

तमिलनाडु विधानसभा में गूंजा सीएए का मुद्दा

एजेंसी | चेन्नई. तमिलनाडु विधानसभा में मंगलवार को विवादित संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) और इसके विरोध की गूंज सुनाई दी. द्रमुक तथा उसके सहयोगी दलों ने इस मुद्दे पर एक प्रस्ताव पर चर्चा की मांग की लेकिन जब विधानसभा अध्यक्ष पी धनपाल ने कहा कि मामला उनके विचाराधीन है, जिसके बाद वे सदन से बाहर चले गए. विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष एम के स्टालिन ने शून्यकाल के दौरान इस मामले को उठाते हुए कहा कि सीएए का देशभर में विरोध हो रहा है क्योंकि यह देश की एकता और अखंडता के अनुरूप नहीं है. उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर उनकी ओर से प्रस्तावित एक प्रस्ताव पर चर्चा हो. द्रमुक ने कई दिन पहले ही विधानसभा सचिवालय में याचिका दाखिल कर सीएए पर एक प्रस्ताव पर चर्चा कराने का आग्रह किया था. कुछ दिन पहले केरल विधानसभा में भी इस मामले पर एक प्रस्ताव पेश किया गया था. स्टालिन विधानसभा में सीएए के खिलाफ प्रस्ताव लाने की मांग कर रहे हैं.

दूसरे राज्यों में दखल देने से पहले अपना राज्य संभालें ममता

एजेंसी | कोलकाता. पश्चिम बंगाल के राज्यपाल जगदीप धनखड़ ने राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर निशाना साधा है. उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अपना प्रतिनिधिमंडल जवाहर लाल नेहरू यूनिवर्सिटी भेजने में व्यस्त थीं, लेकिन उनके खुद के प्रदेश की जाधवपुर यूनिवर्सिटी में हुई हिंसा पर वह कुछ नहीं बोलीं. राज्यपाल ने ममता बनर्जी का बिना नाम लिए टीएमसी के डबल स्टैंडर्ड का आरोप लगाया और कहा कि सीएम को अपने राज्य के बाहर के मुद्दों पर कूदने से पहले अपने राज्य में शांति बहाल करनी चाहिए. उन्होंने कहा था कि देश के सभी छात्रों को इस मसले पर एक साथ लड़ाई लड़नी चाहिए. ममता बनर्जी ने कहा कि वह अपनी पार्टी के कुछ नेताओं को इस मामले की जांच करने के लिए भेजेंगी. दरअसल, हाल ही में 24 दिसंबर 2019 को कोलकाता स्थित जाधवपुर यूनिवर्सिटी (जेयू) के नॉन टीचिंग स्टाफ ने मंगलवार को राज्यपाल जगदीप धनखड़ को यूनिवर्सिटी के दीक्षांत समारोह में शामिल होने से रोकते हुए उन्हें वापस लौटने के झंडे दिखाए थे और उनकी कार रोक ली थी.

मुख्यमंत्री के चेहरे के तौर पर केजरीवाल पड़ रहे हैं भारी

दिल्ली में सीएम के चेहरे पर भाजपा के हाथ खाली

चुनौती

- **कांग्रेस की हालत तो भाजपा से भी पतली**
- **चेहरा घोषित करके भीतरघात का जोखिम मोल नहीं लेना चाहती पार्टी**
- **सीएम बनने की कतार में भाजपा के पास हैं कई चेहरे**

एजेंसी | नई दिल्ली.
www.navabharat.org

आम आदमी पार्टी के पास मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया का चेहरा है. हाल में आए सर्वेक्षण से साफ है कि पार्टी के मुख्यमंत्री के तौर पर केजरीवाल का चेहरा भाजपा और कांग्रेस के तमाम चेहरों पर भारी पड़ रहा है. भाजपा के हाथ चुनाव मतदान से पहले मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित करने के मामले में खाली हैं. पार्टी के अध्यक्ष और देश के गृहमंत्री प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के चेहरे को आगे करके दिल्ली में सफलता का सूत्र तैयार कर रहे हैं. इस चुनाव में मुख्य मुकाबला भाजपा और आम आदमी पार्टी के बीच में ही होने की उम्मीद है. ऐसे में दिल्ली का स्थानीय मुद्दा वाला चेहरा कारगर साबित हो सकता है.

वहीं, कांग्रेस की हालत और पतली है. न वह अजय माकन, अरविंदर सिंह लवली, सुभाष चोपड़ा जैसे नेताओं का चेहरा आगे चुनाव लड़ने का जोखिम उठाना चाहती है और न ही वह इस बारे में कुछ बोल रही है. पूर्व मुख्यमंत्री स्व. साहिब सिंह वर्मा के पुत्र प्रवेश साहिब सिंह वर्मा को अवसर मिलेगा, तो वह अपने पिता की विरासत संभालने के मूड में हैं. प्रवेश दिल्ली से भाजपा सांसद हैं.

क्यों जोखिम नहीं लेना चाहती भाजपा?

डॉ. हर्ष वर्धन को छोड़ दें, तो भाजपा का हर संभावित चेहरा अपनी महत्वाकांक्षा को आकार दे रहा है. इसी कारण किसी भी एक नाम को आगे करने पर जहां उसका केजरीवाल की तुलना में मूल्यांकन शुरू हो जाएगा, वहीं भाजपा के भीतर खींचतान शुरू हो जाएगी. दिल्ली के प्रभारी और केंद्रीय मंत्री प्रकाश जावड़ेकर, पूर्व प्रभारी अरुण सिंह, दिल्ली प्रदेश भाजपा के संगठनात्मक ढांचे पर पकड़ रखने वाले श्याम जाजू समेत अन्य इस समीकर को अच्छी तरह से समझ रहे हैं.

आप के लिए दिल्ली की जंग आसान नहीं

राजनीति

- **पिछले पांच सालों में आप का वोट प्रतिशत गिरा**
- **कांग्रेस का वोट खाकर आगे बढ़ी आम आदमी पार्टी**
- **छोटी पार्टियों यानिर्दलीय उम्मीदवार मतदाताओं को नापसंद**

एजेंसी | नई दिल्ली.
www.navabharat.org

दिल्ली के वोटरों का मूड भांपने के लिए उनके जेहन को सतर्कता से पढ़ने की आवश्यकता है. इसके लिए बीते कुछ चुनावों पर भी नजर डालना जरूरी है. जब से आप का राजनीतिक उदय हुआ, 2013 में हुआ विधानसभा चुनाव पूरी तरह से त्रिकोणीय मुकाबला था. 2013 को छोड़ दे बीते कुछ चुनावों में दिल्ली के वोटरों ने निर्णायक तौर पर वोट दिया. चाहे वो विधानसभा चुनाव हों, एमसीडी चुनाव हो या लोकसभा चुनाव. हालांकि दिल्ली विधानसभा चुनाव 2020 की लड़ाई आप के लिए बहुत आसान भी नहीं है. 2015 विधानसभा चुनाव के बाद दिल्ली में जितने भी चुनाव हुए आप का वोट शेयर गिरता ही रहा है.

आप जब से दिल्ली के राजनीतिक मैदान मे आई है, कांग्रेस यहां तीसरे स्थान पर खिसक गई है. ये वही कांग्रेस है जिसने 1998 से लेकर 2013 तक लगातार 15 साल दिल्ली पर राज किया था.

छप्पर फाड़कर दिए वोट

लेकिन साथ ही दिल्ली के वोटरों ने जिस पार्टी को भी जनादेश दिया 'छप्पड़ फाड़ के' दिया. 2015 विधानसभा चुनाव में आप ने कुल 70 विधानसभा सीटों में से 67 पर जीत हासिल की. बीजेपी को महज 3 सीट से ही संतोष करना पड़ा जबकि कांग्रेस का खाता भी नहीं खुल सका. आप ने 2015 विधानसभा चुनाव में 54% वोट हासिल किए, लेकिन आप का यही वोट प्रतिशत 2019 लोकसभा चुनाव में घट कर 18 फीसदी ही रह गया. दूसरी तरफ बीजेपी का वोट शेयर 2015 विधानसभा चुनाव की तुलना में 2019 लोकसभा चुनाव में 25% बढ़ गया.

केजरीवाल और उनकी चुनौती

दिल्ली चुनाव में आखिरी मौके तक दिल्ली वोटरों का वोट स्विंग दिलचस्पी बनाए रखता है. जैसे कि दिल्ली में गवर्नेंस को लेकर प्रतिष्ठित संस्था लोकनीति- सीएसडीएस की ओर से हाल में कराए गए सर्वे से सामने आया कि अरविंद केजरीवाल सरकार के कामकाज से लोग काफी हद तक संतुष्ट हैं. कुल प्रतिभागियों में से 86 प्रतिशत ने कहा किया तो वो पूरी तरह संतुष्ट (53%) हैं या ज्यादातर संतुष्ट (33%) हैं.

उद्धव ठाकरे और शरद पवार की जोड़ी से भाजपा का टेंशन बढ़ा

कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ले रही हैं सूझ-बूझ से काम

- **कांग्रेस के कुछ नेता भी हैरान!**
- **उद्धव ठाकरे का बयान दे रहा है बड़ी राहत**
- **महाराष्ट्र में कांग्रेस भी शरद पवार की 'पॉवर' पॉलिटिक्स पर निर्भर**

एजेंसी | मुंबई.
www.navabharat.org

राजनीतिक दलों के बीच शिवसेना एक मिजाज के लिए जानी जाती है, लेकिन यह अब बहुत संभलकर बयान दे रही है. उसके ये बयान भाजपा को परेशान कर रहे हैं, तो कांग्रेसी नेताओं को राहत दे रहे हैं. सोमवार को शिवसेना प्रमुख और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने जेएनयू में हिंसा की तुलना 26 नवंबर को मुंबई में हुए आतंकी हमले से की.

इस पर कांग्रेस पार्टी के पूर्व महासचिव ने इसका समर्थन करते हुए कहा कि यह भाजपा की छात्र ईकाई की तरफ से विश्वविद्यालयों पर हुआ आतंकी हमला ही है. लेकिन जब शरद पवार और उद्धव ठाकरे के बीच में तालमेल की बात आती है, तो कांग्रेस के नेता मुस्कराकर रह जाते हैं. वहीं भाजपा के महाराष्ट्र के एक बड़े नेता ने इसे केर-बेर का साथ बताया है.

पवार का रिमोट कंट्रोल हैं उद्धव ठाकरे

भाजपा नेता पूर्व मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से नाराज हैं. उनका मानना है कि महाराष्ट्र में हार फडणवीस के रवैये के कारण हुई है. फिर भी वह उद्धव ठाकरे और शरद पवार पर टिप्पणी करते हुए कहते हैं कि ठाकरे पवार का रिमोट कंट्रोल बन गए हैं. मुख्यमंत्री उद्धव भले ही हैं, लेकिन सरकार शरद पवार चला रहे हैं. पूर्व मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस भी कोई तंज कसने का अवसर नहीं छोड़ते.

मप्र विधानसभा का विशेष सत्र 16 एवं 17 जनवरी को

भोपाल. ए. मध्यप्रदेश विधानसभा का दो दिवसीय विशेष सत्र 16 और 17 जनवरी को होगा. इसमें राज्य विधानसभाओं एवं लोकसभा में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (एससी/एसटी) के आरक्षण को और 10 साल के लिए बढ़ाने वाले विधेयक का अनुमोदन किया जाएगा. मध्यप्रदेश विधानसभा के प्रमुख सचिव ए पी सिंह ने बताया कि राज्य विधानसभाओं एवं लोकसभा में एससी/एसटी आरक्षण को और 10 साल के लिए बढ़ाए जाने संबंधी विधेयक के अनुमोदन के लिए 16 एवं 17 जनवरी को मध्यप्रदेश विधानसभा का दो दिवसीय विशेष सत्र आहूत किया गया है.' संविधान (126वां) संशोधन विधेयक को लोकसभा और राज्यसभा द्वारा क्रमशः 10 और 12 दिसम्बर को पारित कर दिया गया है.

MCL
महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड
(कोल इंडिया लिमिटेड की एक अनुषंगी कंपनी)
जागृति विहार, बुर्ला - 768020, जिला - सम्बलपुर, ओड़िशा
फोन्-(EPABX): 0663-2542461 to 469, वेबसाइट : www.mahanadicoal.in

ई-निविदा सूचना

महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड की निम्नलिखित ई-निविदाएँ, कोल इंडिया लिमिटेड की ई-निविदा पोर्टल (**https://coalindiatenders.nic.in**) में प्रकाशित है जिन्हें केन्द्रीय सार्वजनिक प्रापण पोर्टल (**https://eprocure.gov.in**) पर भी देखा जा सकता है। परवर्ती विस्तृत विवरण के लिए कृपया इन वेबसाइट्स को देखें।

क्र. सं.	निविदा आईडी	कार्य/सेवा का नाम	निविदा मूल्य ₹
1	2019_MCL_160058_1	PROCUREMENT OF TRANSFORMER COILS FOR CWS_X TALCHER. DT-27.12.2019	224844.00
2	2019_MCL_160231_1	Regular cleaning of CT road from Garjanbahal junction to main substation at GOCP of Basundhara Area	394065.00
3	2019_MCL_160232_1	Repairing of Clarifloculator at Water treatment Plant at Basundhara Area	1279615.00
4	2019_MCL_160038_1	PROCUREMENT OF ASKA 10L WATER MIST FIRE EXTINGUISHER	294729.00
5	2019_MCL_160079_1	Supply of spares for Escort make RT 30 Cranes	260995.00
6	2019_MCL_160084_1	Supply of Arm Cylinder and Boom Cylinder for Tata 1200 Hyd. Excavator	243969.00
7	2019_MCL_160261_1	PROCUREMENT OF SPARES FOR WIRTGEN SURFACE MINER	828149.00
8	2019_MCL_160149_1	Shifting of sheds (Nasta Point) inside the mine at BOCM of Lakhanpur Area	235967.00
9	2019_MCL_157840_1	Supply of Swaged Type Steel Tubular Poles of length 12m and 16m. Reserved for MSE Bidders only	19663935.00
10	2019_MCL_159674_1	Procurement of Undercarriage Assembly (Part No. 160UCSET01) for BE 300 Shovel	7026900.00
11	2019_MCL_159867_1	Maintenance of WBM Coal transportation road,central road (ID No. CT 23,CT 28,CT 29) at Bharatpur Project for a period of two years.	7984023.00
12	2019_MCL_160288_1	PROCUREMENT OF EMERY CLOTH ROLL FOR ENGINE, SUB-ASSEMBLY AND TRANSMISSION SECTION OF CWS_X TALCHER.	113280.00
13	2019_MCL_160202_1	Supply of Spares for Brake and Seal Kits for BH-60 Dumpers at Lingaraj OCP	1264328.00
14	2019_MCL_159962_1	Repair and renovation of drains, septic tanks, inspection chambers soak pits in backside area of A and B Type blocks (A/1 to A/23 and B/1 to B/13) at Anand Vihar, MCL HQ (2nd call)	21207359.00
15	2019_MCL_160424_1	Supply of Rotating Assemblies for Pumps at Kaniha OCP (Exclusively for OEM)	1216409.00
16	2019_MCL_160340_1	Hiring of One (1) Jeep (Bolero/ Sumo or its equivalent covered vehicle) with AC fitted (Diesel) for 12 hrs per day duty for two years for GOCP, Basundhara Area (682 days).(2800km run per month)	935022.00
17	2019_MCL_160374_1	Hiring of One (1) Jeep (Bolero/ Sumo or its equivalent covered vehicle) with AC fitted (Diesel) for 24 hrs(Non-shift duty) per day duty for two years at Basundhara Area (682 days).(4000km run per month)(engagement of 2 drivers with staggered rest)	1381050.00
18	2019_MCL_160422_1	Fabrication of 60,000 nos. of Bearing Plate of size 150mm x 150mm x 8mm with center hole of 20mm dia. for roof support work at all mines of Orient Area, MCL (Cost of fabrication only without the cost of MS Plate)	460200.00
19	2019_MCL_160403_1	Levelling and dressing of plots at Rehabilitation village of Khadam Phase-II under BOCM of LKPA.	1749686.00
20	2019_MCL_160409_1	Sinking of 200X150mm deep Bore wells and installation of submersible pumps at Anand Vihar and Jagruti Vihar, MCL HQ.	3328993.00
21	2019_MCL_160294_1	Financial Appraisal of 9 (Nine) Reports PR/ UCE/RPR of MCL with proposed Capital investment of Rs.150 Crs. and above for each report.	2802618.00
22	2019_MCL_160443_1	Replacement of PTO Pump of Fire Tender bearing registration no. OD-19H-0772 of Bhubaneswari OCP, Jagannath Area	299484.00
23	2020_MCL_160477_1	Installation of GI plate earthing at different types of quarters of Jagannath Colony of Jagannath Area	747831.00
24	2019_MCL_160412_1	Hiring of HEMM (Shov/Dril/Doz etc) for transfer and transportation of materials in various strata incl dril, excv, dump, spread, doz and oth allied work at specified area for dump as per intruc of Project Officer/ Mngmt of Lajkura OCP Ib valley Area	251462609.00
25	2020_MCL_160478_1	Repairing of AC panel HT LT side and rewiring of all forty two Conduits including power cable and control cable of EKG shovel HMB-460 working at Lakhanpur OCP of Lakhanpur Area, MCL	675640.00
26	2020_MCL_160486_1	Hiring of two nos. Pick up van having seating capacity 4 plus1 on 24hrs duty basis with deployment of 02 nos. drivers (including staggered rest) max run 3500 km/month for 02 years (682 working days) for Lakhanpur OCP, Lakhanpur Area, MCL	2688444.00
27	2020_MCL_160493_1	Engaging 03 three Nos. of highly skilled and 03 three Nos. of skilled manpower for operation of LnT Surface Miner No. 24 daily for a period of 90 days at Lingaraj OCP, Lingaraj Area Re-tender.	804784.00
28	2019_MCL_160447_1	Supply of Spares for EST-200/250 MnP make pump running at IWSS Lingaraj Area (Exclusively for OEM)	969851.00
29	2020_MCL_160535_1	Fabrication of one no. of 40 drum float for installation of Diesel pump set (Flowmore make 100HP, 40lps, 100mh.) at coal face sump of Kulda OCP, Basundhara Area.	220079.00
30	2020_MCL_160657_1	PROCUREMENT OF SPARES FOR WIRTGEN SURFACE MINER	920354.00
31	2020_MCL_160664_1	PROCUREMENT OF SPARES FOR WIRTGEN SURFACE MINER	1286893.00
32	2020_MCL_160507_1	Making of pedestal and installation of statue of Bharat ratna Shri Atal Bihari Vajpayee at DAV school, Hingula area.	902634.00
33	2020_MCL_160582_1	Dust suppression by water tanker at siding no.3 coal loading platform under LOCP of IB Valley Area (two years excluding rainy season).	2327618.00
34	2020_MCL_160593_1	Annual cleaning and up keeping and gardening of Central Hospital Building and Complex under IB Valley Area (for 730 Days).	9773040.00
35	2020_MCL_160587_1	Repair and maintenance of GM office complex of Talcher Area.	955088.00
36	2019_MCL_160181_1	Hiring of one (01) no. of Bolero/ Sumo or equivalent covered vehicle(6 plus 1 seater) with AC fitted (Diesel) for 12 hours duty for a period of two years for Balram OCP, Hingula Area(Duty in mines).	918654.00
37	2019_MCL_160189_1	Hiring of four (04) nos. of Bolero/ Sumo or equivalent covered vehicle(6 plus 1 seater) with AC fitted (Diesel) for 12 hours duty for a period of two years for GM Unit , Hingula Area(Duty in surface).	3646490.00
38	2020_MCL_160537_1	Regular repair and maintenance of internal water supply in M and A type quarter at BIT of Lakhanpur Area (02 years)	2086541.00
39	2020_MCL_160702_1	Supplying of drinking water to various locations inside the mine with mobile water tanker for a period of one year under BOCM of Lakhanpur Area.	303212.00
40	2020_MCL_160592_1	Erection of new 3.3kV Overhead line from field sub-station to West Sump at Jagannath OCP, Jagannath Area	782388.00
41	2020_MCL_160606_1	Annual Maintenance Contract for 11kV Overhead line maintenance work from Balanda Sub-station to Ananta Vihar Colony Sub-station of Ananta OCP, Jagannath Area for a period of one year as and when required basis	524910.00
42	2020_MCL_160623_1	Annual Maintenance Contract for internal electrical wiring/maintenance of residential and non-residential buildings at Ananta Vihar Colony of Ananta OCP of Jagannath Area for a period of two years	1759074.00
43	2020_MCL_160668_1	Hiring of 02 (two) Bolero (s) or equivalent AC diesel jeeps having minimum seating capacity 7 (6plus1) on 12 Hours duty/day, maximum run 5600 Km/month for a period of 2 years/683 Working Days in GM Pool at Kaniha Area, PIN 759102	1986164.00
44	2020_MCL_160677_1	Hiring of 01 Innova or equivalent AC SUV having minimum seating capacity 7 (6plus1) on 24 Hours duty/day, maximum run 5600 Km/month for a period of 2 years/683 Working Days in GM Pool at Kaniha Area, PIN 759102 with deployment of 2 drivers	2017582.00
45	2020_MCL_160691_1	Repair of damaged false ceiling for computer Lab and Language room at DAV School (English Medium) under Jagannath Area	441970.00
46	2020_MCL_160726_1	Upkeeping of 132 KV Sub-Station, 33 KV Sub-Station and Sub-Station Colony under CGM s Unit of Jagannath Area for a period of 02(two) years.	1117878.00
47	2020_MCL_160785_1	Painting and minor repairing of Mayuri Transit House and Shantivihar Guest House at BIT of Lakhanpur Area.	1253764.00
48	2020_MCL_160737_1	Construction of boundary wall at Sakosingha High school, Sakosingha village under CSR works of Hingula Area for the year 2019-20.	978523.00
49	2020_MCL_160792_1	Procurement of 05nos SURFACE MINER with drum width not less than 3800 mm along with MARC for 09 years including 02 years warranty period	1400249219.00
50	2020_MCL_160848_1	Hiring of HEMMs (Shov, Dumpers, Dozers etc.) for Re-handling of Over Burden includ excav, loadg, transp, dump, spread, doz of the same at spec areas for dump and levelg as per the instruct of Proj Mngmt of Bharatpur OCP, Bharatpur Area, MCL	289651815.00

एमसीएल ई-प्रापण सहायता केन्द्र (फोन: **0663-2542695/2542264**, ई-मेल: **hlp-eproc.mcl@coalindia.in**)
R-4964

हमारे ऐप्स प्राप्त करने के लिए टोल फ्री नंबर 1800 200 3004 पर मिस्ड कॉल दें